जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

कमांक :जीविवि / दीक्षांत / 2019 / 04 दिनांक 04 / 01 / 2019

/ / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह फरवरी, 2019 में सम्पन्न होने जा रहा है। इस समारोह में मानद् उपाधि, डीएससी, डी.लिट. पीएचडी, एम.फिल, तथा स्नातकोत्तर के अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जावेगी। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि, वे समारोह में उपस्थित होकर अपनी उपाधियॉ प्राप्त करे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2017–18 में विभिन्न परीक्षाएँ उत्तीर्ण की है। वे उपाधि प्राप्त करने हेतु दिनांक 20 फरवरी, 2019 तक पंजीयन शुल्क रू. 500 / – का डिमांड ड्राफ्ट जो कि "**कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**" के नाम से देय हो, के माध्यम से उक्त पंजीयन शुल्क जमा कर, विश्वविद्यालय की उपाधि शाखा में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पी.एच.डी, डी.एस.सी. डीलिट. एम.फिल. उपाधि धारकों हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 500 / – के साथ उपाधि शुल्क रूपयें 500 / – कुल रूपये 1,000 / – जमा करना है।

समस्त उपाधि धारको को आवेदन के साथ एक रंगीन पासपोर्ट फोटो, अंतिम वर्ष की अंकसूची की फोटोकॉपी एवं पी.एच.डी, डी.एस.सी, डी.लिट, उपाधि धारको को नोटिफिकेशन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

विस्तृत विवरण एवं प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jiwaji.edu** पर उपलब्ध है।

4/1/19
कुलसचिव

प्रति,

1) संपादक .... दैनिक समाचार पत्र की ओर इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के दिनांक 05 / 01 / 2019 के अंक में न्यूनतम साईज में प्रकाशित कर देयक भुगतान हेतु कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर भेजने का कष्ट करें।
2) वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5) श्री संजय बरथरिया, की ओर इस निर्देश के साथ कि वे उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर आज दिनांक 04 / 01 / 2019 को अपलोड करें।

उप–कुलसचिव(प्रशा)